


www.smartkeeda.com | testzone.smartkeeda.com

SBI | RBI | IBPS |RRB | SSC | NIACL | EPFO | UGC NET | LIC | Railways | CLAT | RJS

Join us

# Hindi Passage Test for RRB Scale I Mains and RRB Office Assistance Mains

## Hindi Passage Quiz 10

**निर्देश: नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

अगर हम टेक्नोलॉजी यानी प्रौद्योगिकी और इसके आगमन की बात करें, तो हर पीढ़ी के लिए इसके मायने अलग-अलग होते हैं। औद्योगिक क्रांतियों के शुरुआती दौर में प्रौद्योगिकी का अंतिम मकसद बड़े पैमाने पर उत्पादन था। 1990 के दशक के आरंभ में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऑटोमेशन के जरिये डिजिटल क्रांति का दौर देखने को मिला । इसके बाद वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) की शुरुआत हुई और इसने संचार और प्रौद्योगिकी का पूरा नक्शा बदल दिया। आज भी एक ऐसी पूरी पीढ़ी मौजूद है, जिसने बिना मोबाइल और कंप्यूटर वाला दौर देखा है। जिन लोगों ने यह दौर नहीं देखा है, उनके लिए इस बात की कल्पना करना भी मुश्किल है कि लाइब्रेरी में जाकर कोई जानकारी ढूंढना कितना मुश्किल हुआ करता था। हालांकि, आज ऑनलाइन तरीके से काफी आसानी से ऐसा किया जा सकता है। जिन लोगों ने टेलीफ़ोन बूथ और एसटीडी/पीसीओ सेंटर का दौर देखा है, उनके लिए उस पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए काफी कुछ है, जो अपनी अधिकतर जरूरतों के लिए मोबाइल पर निर्भर हैं।

कोरोना वायरस से पैदा हुई स्थिति के कारण आज हम पहले से कहीं ज्यादा प्रौद्योगिकी पर निर्भर हैं।आज पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती है। ऐसे में छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन कक्षाएं चलाने, प्रोफेशनल्स के घर से काम करने, बड़े पैमाने पर पीपीई किट के उत्पादन या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शोध और स्वास्थ्य संबंधी समाधान पेश करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका काफी कारगर रही है।

ब्लॉक चेन,रोबोटिक्स और कॉग्निटिव यानी संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग की मदद से चौथी औद्योगिक क्रांति ( इंडस्ट्री 4.0 ). ऑटोमेशन और विनिर्माण में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इससे संसाधनों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग संभव हो सकेगा, बर्बादी के लिए गुंजाईश सीमित होगी और सतत विकास की राह बनेगी। जाहिर तौर पर इस प्रकिया में लोगों की जिंदगी बेहतर होगी। अगर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल नवाचार के साथ किया जाए, तो इससे जबरदस्त संभावनाएं तैयार होंगी। सरकार अटल नवाचार योजना जैसी पहल के माध्यम मे अर्थव्यवस्था के अलग अलग क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत संबंधित पक्षों को मंच और मिलकर काम करने के अवसर मुहैया कराए जा रहे हैं।

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का मकसद भारत को एक मजबूत डिजिटल समाज और ज्ञान की अर्थव्यवस्था बनाना है। साथ ही, इस कार्यक्रम से देश के ग्रामीण इलाकों में प्रौद्योगिकी और समाज के निचले तबके तक विकास पहुंच रहा है। इससे अलग-अलग सामग्री को बड़े पैमाने पर स्थानीय भाषा में पेश करने की जरूरत भी पैदा हुई है। भारतीय भाषाओं को जानने-समझने वाले लोगों के लिए प्रौद्योगिकी अनुभव को आसान और बेहतर बनाया जा सकता है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ताकत का उपयोग कर राही हैं, ताकि उनके उत्पाद बेहतर हो सके और स्थानीय भाषाओं के उपयोगकर्ताओं तक भी इसकी पहुंच संभव हो सके। डेटा की रीयल-टाइम यानी वास्तविक समय में निगरानी जैसी पहल से स्थानीय लोगों की ज़रूरतों के हिसाब से डेटा को इकट्ठा करने के साथ-साथ इसका इस्तेमाल भी किया जा रहा है। प्रौद्योगिकी ने दुनिया का तौर-तरीका बदल दिया है। इसकी मदद से चक्रवातों के बारे में पहले ही अनुमान पेश कर लोगों की जिंदगी बचाई जा रही है। साथ ही, प्रौद्योगिकी की मदद से आपदा प्रबंधन, बीमारी का पता लगाकर मरीज़ों के इलाज और कई अन्य माध्यमों से बेहतर और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित किया जा रहा है। कहा जाता है कि इंसान पहले प्रौद्योगिकी बनाता है और इसके बाद प्रौद्योगिकी उसकी जिंदगी बनाती है।

**1. 1990 के दशक के आरंभ में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऑटोमेशन के जरिये किस क्रांति के दौर को देखने को मिला?**

A. सिल्वर क्रांति B. टेक्नोलॉजी क्रांति C. डिजिटल क्रांति

D. नील क्रांति E. इनमे से कोई नही

**2. ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स और किस-किस कि सहायता से चौथी औद्योगिक क्रांति (इंडस्ट्री 4.0) ऑटोमेशन और विनिर्माण में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मार्ग प्रशस्त कर रही है?**

A. कॉग्निटिव यानी संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग B. कॉग्निटिव यानी ज्ञानात्मक कंप्यूटिंग

C. कॉग्निटिव यानी विचारात्मक कंप्यूटिंग D. कॉग्निटिव यानी ध्यानात्मक कंप्यूटिंग

E. इनमे से कोई नही

**3. किस के नाम से सरकार, अर्थव्यवस्था के अलग अलग क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दे रही है?**

A. गांधी नवाचार योजना B. अटल नवाचार योजना C. पंडित नवाचार योजना

D. पटेल नवाचार योजना E. इनमे से कोई नही

**4. सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां किस ताकत का उपयोग करके उत्पादन बेहतर बनाने की कोशिश मे है?**

A. संज्ञानात्मक B. टेक्नॉलाजी C. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

D. नवाचार E. इनमे से कोई नही

**5. कोरोना वायरस से पैदा हुई स्थिति के कारण आज हम किस वस्तु पर निर्भर है?**

A. विचारत्मक B. आध्यात्मिक C. औद्योगिक

D. प्रौद्योगिकी E. इनमे से कोई नही

**6. किन लोगों को लाइब्रेरी में जाकर किसी पुस्तक को ढूंढना अत्यंत कठिन कार्य होता था?**

A. जिन्होंने कभी computer व mobile का दौर देखा नही।

B. जो कभी पाठशाला नही गए।

C. जो कभी college नही गए।

D. जिन्हे computer नही चलाना आता है।

E. इनमे से कोई नही

**7. किस के आने से संचार और प्रौद्योगिकी का पूरा नक्शा बदल गया?**

A. PCO
B. STD
C. WWW
D. AI
E. इनमे से कोई नही

**8. किस वर्ष के आरंभ में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऑटोमेशन के जरिये डिजिटल क्रांति का दौर देखने को मिला?**

A. 1992
B. 1991
C. 1990
D. 1993
E. इनमे से कोई नही

**9. चौथी औद्योगिक क्रांति को और क्या कहाँ गया है?**

A. इंडस्ट्री 0.2
B. इंडस्ट्री 0.4
C. इंडस्ट्री 0.04
D. इंडस्ट्री 4.0
E. इनमे से कोई नही

**10. उपर्युक्त गद्यांश में कहाँ गया है कि इंसान पहले प्रौद्योगिकी बनाता है और इसके बाद प्रौद्योगिकी उसकी क्या बनाती है?**

A. जिंदगी
B. इंसानियत
C. खेलना कूदना
D. आरामदायक जिंदगी
E. इनमे से कोई नहीं

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| C | A | B | C | D | A | C | D | D | A |

**Explanation:**

1. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

   1990 के दशक के आरंभ में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऑटोमेशन के जरिये डिजिटल क्रांति के दौर को देखने को मिला।

   अत: विकल्प C सही है।

2. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

   ब्लॉक चेन,रोबोटिक्स और कॉग्निटिव यानी संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग की मदद से चौथी औद्योगिक क्रांति ( इंडस्ट्री 4.0 ). ऑटोमेशन और विनिर्माण में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

   अत: विकल्प A सही है।

3. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

   अटल नवाचार योजना के नाम से सरकार, अर्थव्यवस्था के अलग अलग क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा दे रही है।

   अत: विकल्प B सही है।

4. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

   सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ताकत का उपयोग करके उत्पादन बेहतर बनाने की कोशिश मे है।

   अत: विकल्प C सही है।

5. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

   कोरोना वायरस से पैदा हुई स्थिति के कारण आज हम प्रौद्योगिकी वस्तु पर निर्भर है।

   अत: विकल्प D सही है।

Smartkeeda The Question Bank

6. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

जिन्होंने कभी computer व mobile का दौर देखा नही उन लोगों को लाइब्रेरी में जाकर किसी पुस्तक को ढूंढना अत्यंत कठिन कार्य होता है।

अत: विकल्प A सही है।

7. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

WWW के आने से संचार और प्रौद्योगिकी का पूरा नक्शा बदल गया।

अत: विकल्प C सही है।

8. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

1990 के दशक के आरंभ में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऑटोमेशन के जरिये डिजिटल क्रांति का दौर देखने को मिला ।

अत: विकल्प D सही है।

9. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

चौथी औद्योगिक क्रांति को इंडस्ट्री 4.0 कहाँ गया है।

अत: विकल्प D सही है।

10. उपर्युक्त गद्यांश से इस भाग के अध्ययन से ज्ञात होता है कि .....

इंसान पहले प्रौद्योगिकी बनाता है और इसके बाद प्रौद्योगिकी उसकी जिंदगी बनाती है।

अत: विकल्प A सही है।

Smartkeeda The Question Bank


SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW